## एक नजर में

### पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

आलीराजपुर। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कट्ठीवाडा ने ग्राम आम्बी तहसील कट्ठीवाड़ा के निवासी संदीप पिता भीकला उम्र 08 वर्ष की तालाब में डूब जाने से मृत्यु हो जाने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। यह आर्थिक सहायता मृतक के वैध वारिश को सौंपी जाएगी

### 24 घंटे में प्रात: 08 बजे तक 0.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले में बीते 24 घंटे में प्रात: 08 बजे तक 0.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार आलीराजपुर में 0.0 मि.मि ,जोबट में 0.0 मि.मि ,उदयगढ़ में 0.0 मि.मि, च. शे. आ. नगर में 1.2 मि.मि, कट्ठीवाड़ा में 0.0 मि.मि , सोण्डवा में 0.0 मि.मि कुल 1.2 मिमी वर्षा हुई। जिले में 01 जून से 23 सितम्बर तक 1171.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के आलीराजपुर में 1373.2, जोबट में 904.6 मि.मि, उदयगढ़ में 1054.8 मि.मि ,च. शे. आ. नगर में 1278.6 मि.मि, कट्ठीवाड़ा में 1874.5 मि.मि, सोण्डवा में 546.0 मि.मि कुल 7031.7 मि.मी दर्ज की गई ।गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 1207.5 मिलीमीटर थी। उक्त जानकारी अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी ।

### एकीकृत शासकीय उ.मा.वि. आमखुट तथा माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर कट्ठीवाड़ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया

**आलीराजपुर .।** विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन शा.उ.मा.वि आमखुट एवं कन्या शिक्षा परिसर कट्ठीवाड़ा में आयोजित किया गया । इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा नालसा योजना 2015 की जानकारी देते नशे के दुष्प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी गई । इस दौरान उन्होंने मादक दवाओं एवं पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक ,मानसिक और आर्थिक हानि की भी जानकारी दी । मादक पदार्थों से उत्पन्न होने वाली बुराइयों से निपटने के लिए जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के साथ इनसे दूरी का आह्वान किया । इस दौरान उन्?होने बच्चों के विरूद्ध अपराधों एवं उससे होने वाली समस्याओं एवं निराकरण आदि के साथ ही शिविरों में उपस्थित विद्यार्थियों को लोक अदालत, निशुल्क विधिक सलाह और सहायता योजना, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 आदि की भी जानकारी दी गई। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सहायता अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स आदि अधिकारी एवं कर्मचारियों उपस्थित थे ।

### ऊर्जा संरक्षण संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**झाबुआ।** मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्व. दिलीपसिंह भूरिया शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा-पखवाड़ा अभियान अंतर्गत 23 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में ऊर्जा संरक्षण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के प्रभारी प्राचार्य प्रो. प्रवीणकुमार उछावर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ ।जिसमें प्रभारी प्राचार्य प्रो. पीके उछावर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ऊर्जा संरक्षण के उपाय बताएं। मुख्य वक्ता प्रो. योगेश जायसवाल ने विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण की संपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में ऊर्जा संरक्षण की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बीएस निंगवाल ने किया। अंत में आभार प्रो. एमपीसिंह अमलावर ने माना।

### माताजी की प्रतिमा के स्वागत में गूंजा गरबा रास



**आलीराजपुर।** नगर के आमला लाइन क्षेत्र में राठौड़ वीर दुर्गादास गरबा मंडल द्वारा सोमवार को माता जी की प्रतिमा स्थापना के पावन अवसर पर निकाले गए भव्य चल समारोह ने नगरवासियों का मन मोह लिया। परंपरा, संस्कृति और श्रद्धा से ओतप्रोत इस आयोजन में महिला-पुरुषों, बालिकाओं और युवाओं की सहभागिता ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंडल के मीडिया प्रभारी कांतिलाल राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि चल समारोह की शुरुआत कालका माता मंदिर से की गई। यहां से माता जी की ज्योत और ज्वारे विधिवत पूजन के बाद निकाले गए, जो पोस्ट ऑफिस चौराहा, नीम चौक, बस स्टैंड होते हुए आमला लाइन स्थित गरबा पांडाल तक पहुंचे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने चल समारोह मे गराबा रास किया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि महिलाओं ने पारंपरिक पीली साड़ी पहनकर सिर पर ज्वारे लिए गरबा रास करते हुए यात्रा में भाग लिया। वे तालबद्ध नृत्य करते हुए माता जी के जयकारों के साथ चल रहीं थीं, जिससे समूचा मार्ग श्रद्धा और आस्था के रंग में रंग गया ।चल समारोह में नन्ही बालिकाएं महाराष्ट्रीयन साड़ी' में सजी हुई पारंपरिक तलवारबाजी और करतबों की प्रस्तुति देती चल रही थीं। इस जीवंत प्रदर्शन ने जनसमूह का ध्यान अपनी ओर खींचा और विशेष आकर्षण का केंद्र बना ।माताजी की प्रतिमा भव्य बग्गी में सजाकर नगर भ्रमण हेतु निकाली, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। वहीं, पुरुषों ने पारंपरिक सफेद वस्त्रों में सजकर अनुशासन और एकरूपता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। पांडाल पहुंचने के बाद, पंडित राजू जोशी के द्वारा विधिपूर्वक माताजी की प्रतिमा की सचिन रामेश्वर द्वारा विशेष रूप से ज्वारों की पूजा-अर्चना कर घटस्थापना की गई। इस दौरान समाजजनों ने मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना में भाग लेकर वातावरण को पूर्णत: आध्यात्मिक बना कर आरती मे उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख-समृद्धि की कामना की। पंचेश्वर रामायण मंडल की शानदार लाइव भजन प्रस्तुति ने, कार्यक्रम को और भी भक्ति मय बना दिया,जिस पर गरबा पांडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह से गरबा रास किया। मंडल की ओर से बताया गया कि माता जी की आराधना और गरबा महोत्सव का यह आयोजन पूरे नवरात्रि उत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जारी रहेगा।


नवभारत

झाबुआ में अखबार, विज्ञापन व समाचार हेतु संपर्क करें:

बाली न्यूज एजेंसी

(लक्की शर्मा झाबुआ जिला ब्यूरो)

मो. न.- 6260765562, 7470402906

कार्यालय -राजवाडा ( झाबुआ )


# कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए

## कलेक्टर द्वारा एक आवेदक को 15 हजार, चार आवेदकों को 10-10 हजार रुपये एवं एक आवेदक को 5 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की



**झाबुआ.** आवेदक हुडी दिनेश निवासी उबेराव तहसील राणापुर द्वारा बताया गया कि कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया। कलेक्टर द्वारा आवेदक को 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

आवेदिका भगवंतीबाई पति मांगीलाल निवासी बनी तहसील पेटलावद, आवेदक राजु पिता बहादुर निवासी टिकड़ीमोती तहसील झाबुआ, आवेदिका मनिता पति सुरेश वसुनिया निवासी थान्दला एवं वेस्ता पिता मुन्ना बिलवाल निवासी गोलाछोटी तहसील झाबुआ द्वारा बताया गया कि कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया। कलेक्टर द्वारा आवेदकों को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

आवेदक कलावती नंदकिशोर निवासी नौगावा तहसील थान्दला ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया। कलेक्टर द्वारा आवेदक को 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। आवेदक आदिवासी मछुआ समूह घटिया द्वारा बताया गया कि नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक पिटोल द्वारा आदिवासी मछुआ के किसान क्रेडिट कार्ड के लोन नहीं करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक खातुनबी पति स्व. हसिनुद्दीन शेख निवासी पेटलावद द्वारा बताया गया कि बीपीएल राशन कार्ड में पुत्र का नाम जोड़ने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक सरमा पिता नरसिंह खपेड़ निवासी ग्राम नवापाड़ा नवीन तहसील झाबुआ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. झाबुआ शाखा कल्याणपुरा द्वारा प्रार्थी को मेरे बैंक के खाता का स्टेटमेंट नहीं देने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

आवेदक साधना बरमंडलिया द्वारा बताया गया कि ग्राम रंभापुर में आंगनवाड़ी केन्द्र नई टोडी रंभापुर में फर्जी तरीके से नियुक्ति संबंधित जाँच करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक श्री गंगाराम पिता गलिया मैडा निवासी ग्राम भीलकोटड़ा टप्पा तहसील झकनावदा द्वारा बताया गया कि विपक्षीगण द्वारा प्रार्थी को आए दिन परेशान कर डरा धमका कर कब्जे की भूमि पर प्रार्थी के कच्ची टॉपरी बनी हुई थी तोड़कर फेक दी गई, कार्यवाही करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस प्रकार विभिन्न विभागों से संबंधित जनसुनवाई में कुल 68 आवेदन आए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर सी. एस. सोलंकी, समस्त विभाग के जिला अधिकारी एवं तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# सेवा भारती प्रकल्प पर सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

- सेवा के साथ महिला स्वावलम्बन में प्रशिक्षण मिल का पत्थर साबीत हो- आकाश चौहान।
- जिलाध्यक्ष हरिओम पाटीदार ने अपील की अधिक से अधिक महिलाए विभिन्न प्रशिक्षणों में रजिस्ट्रेशन करवाये।



**पेटलावद.** सेवा के साथ स्वावलम्बन की दिशा में महिलाओं को ले जाना यह एक बडा कार्य है ।बेरोजगारी की समस्या का समाधान केवल नौकरियां ही नहीं है। किसी भी क्षेत्र में स्कील डेवलप कर व्यवसाय के माध्यम से भी बेरोजगारी की समस्या का समाधान किया जा सकता है ।महिलाओं को प्रशिक्षीत कर,उन्हें स्वावलम्बी बनाने के प्रयास में सभी महिलाओं को भी सहयोग करना चाहिए। उक्त बात विभाग सह कार्यवाह आकाश चौहान ने सेवा भारती झाबुआ प्रकल्प पेटलावद पर नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के शुभारंभ अवसर पर कहीं।

अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलीत कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती के जिलाध्यक्ष हरिओम पाटीदार भी उपस्थित रहे ।चौहान ने सेवा भारती के अन्य प्रकल्पो जैसे बड़ा घोसलिया और झाबुआ के बारे में बताते हुए कहा कि यहा के प्रशिक्षीत कई युवा आज अपना रोजगार चला रहे है। जो की अच्छे उदाहरण है। हम पेटलावद प्रकल्प के माध्यम से भी ऐसे ही कई लोगों को रोजगार से जोडने का प्रयास करें ।इस मौके पर सेवा भारती जिलाध्यक्ष हरिओम पाटीदार ने सभी से अपील की है कि इस प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से जो भी प्रशिक्षण दिये जा रहे है ।उनमें अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं और बालिकाओं को जोडा जाये और रोजगार उपलब्ध करवाया जाये। यहां आयोजित होने वाले सभी प्रशिक्षण में अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाये ।जिसमें मेहंदी, ब्यूटीपार्लर, सिलाई व कढाई बुनाई प्रशिक्षण मुख्य रूप से है। प्रकल्प पेटलावद पर महिला सशक्तिकरण के साथ बाल संस्कार केंद्र का भी संचालन किया जा रहा है। जिसका संचालन निलेश सेन अपनी टीम के साथ कर रहे है। जहां पर प्रतिएक मंगलवार और शनिवार को बाल संस्कार शाला शाम को 6.30 बजे प्रारंभ होती है। समिति के सदस्यों ने नगर के नागरिकों से अपील की है कि इस संस्कार शाला में अपने बच्चों को भेजे व संस्कार शाला के उद्देश्य को सफल करें।

इस मौके पर सेवा भारती समिति के जिला सदस्य कृष्णा जाधव, सुरेश प्रजापति, निलेश सेन पूर्णकालिक कोमलसिंह निनामा,सिलाई प्रशिक्षक मधु बेन भायल सहित प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र भट्ट ने किया।



# मैं हूं अभिमन्यु विशेष जागरूकता अभियान - महिला सुरक्षा हेतु झाबुआ पुलिस की पहल

**झाबुआ.** महिला सुरक्षा शाखा, मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता अभियान मैं हूं अभिमन्यु 23 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक प्रदेशव्यापी रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में झाबुआ जिले में पुलिस अधीक्षक शिव दयाल सिंह के नेतृत्व में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन में ꖴमैं हूं अभिमन्युꖴ विषय पर एक जागरूकता परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने अभियान की महत्ता बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण का निर्माण करना है। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों की ग्रोइंग एज में समानता, सम्मान और आपसी सहयोग जैसे नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे वे न केवल स्वयं अपराध से दूर रहें, बल्कि दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ने 10 दिवसीय इस अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले में इसे वृहद स्तर पर संचालित किया जाएगा। जागरूकता बढ़ाने हेतु नुक्कड़ नाटक, बैनर, पंपलेट, पोस्टर एवं अन्य माध्यमों का उपयोग किया जाएगा ताकि आमजन विशेषकर महिलाएं और किशोरियाँ अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग हों। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को चॉकलेट-टॉफी वितरित की गई, साथ ही सेल्फी अभियान का आयोजन कर लोगों को जोड़ा गया।

इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक कमलेश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार जेजुरकर, रक्षित निरीक्षक श्री अखिलेश राय, निरीक्षक श्रीमती शर्मिला चौहान, रक्षा सखी टीम, स्कूली छात्र-छात्राएं, पत्रकारगण एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे। झाबुआ पुलिस द्वारा की गई यह पहल समाज में महिला सुरक्षा एवं संवेदनशीलता को लेकर एक सशक्त संदेश प्रदान करती है।

....

# देवस्थान भेरुवडला पहुंच मार्ग का भूमिपूजन हुआ, वर्षो से था क्षतिग्रस्त



**राणापुर.** प्राचीन भेरुवडला मन्दिर ग्राम पंचायत भूरिमाटी में सी सी रोड़ का भूमिपुजन किया ।मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भानु भूरिया थे ।अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष निर्मला भूरिया ने की ।उल्लेखनीय हैं कि भेरुवडला स्थित भेरू मंदिर हजारों लोगों की आस्था का केंद्र है ।यहाँ गुजरात व राजस्थान से भी श्रद्धालुओं का आना जाना चलता रहता है ।यहाँ तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड़ वर्षो से कच्ची है ।ऊबड़ खाबड़ व पथरीली सड़क पर बहुत परेशानी आती थी ।पूर्व में केंद्रीय व राज्यमंत्री रहते हुए कांतिलाल भूरिया से ,पूर्व सांसद जीएस डामोर,विधायको से इस सड़क को पक्की बनाने की मांग की गई थी ।लेकिन सड़क कच्ची ही रही ।ग्राम पंचायत भूरिमाटी की युवा सरपंच रमीला जुवानसिंह वसुनिया ने इसके लिए प्रयास किये जिस पर उन्हें जनपद अध्यक्ष निर्मला भूरिया का भी साथ मिल गया ।अब यहाँ पक्की सड़क बन जाएगी जिससे श्रद्धालुओं को देवस्थान तक आने जाने में आ रही परेशानी दूर हो जाएगी ।जनपद अध्यक्ष निर्मला भूरिया ने सरपँच से कहा कि निर्माण कार्य जल्दी से पूरा कराए ।भाजपा जिलाध्यक्ष भानु भूरिया ने बताया कि इस प्रसिद्ध स्थान को शासन की देवस्थान विकास योजना में शामिल किया गया है ।जिससे यहां अन्य विकास कार्य भी कराए जा सकेंगे।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर नायक राजेन्द्र उपाध्याय , मण्डल अध्यक्ष कमलेश नायक ,मंडल महामंत्री संचित कटारिया, राजू ठाकुर,मंडल उपाध्यक्ष कमलेश नाहर,अरुण राठौड़,जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र सोलंकी जनपद पंचायत सदस्य संगीता राकेश सोलंकी,,पिछड़ा मोर्चा जिला महामन्त्री दिनेश राठौड़,नगर परिषद के पार्षदगण रौनक सोनी ,सुरेश वागुल,नितिन राठौड़,मांगीलाल गाहरी, अजजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप नलवाया,युवा मोर्चा अध्यक्ष विश्वास जैन,अविनाश पंड्या,शुभम तुवरिया , मीडिया प्रभारी तेजा गाहरी,कांतिलाल मोरी,लक्ष्मण माली ,जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीएस मवासे ,सहायक दिलीप चंदेल सहित अनेक नागरिक गण उपस्थित थे ।



# शासकीय सेवकों के लिए आयोजित हुई एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला

**आलीराजपुर।** राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय सेवकों को आनंद की अनुभूति कराने के उद्देश्य से जनपद पंचायत सोण्डवा में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर ने प्रतिभागियों को कार्य के साथ साथ आनंदित रहने के गुर सिखाए गए। उन्होने स्वयं से स्वयं की मुलाकात कैसे हो , इस पर चर्चा की साथ ही स्वयं के अहम को समाप्त करने पर जोर देते हुए क्षमा माँगने और क्षमा करने के महत्व पर बात की ।मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोण्डवा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्य की अधिकता के कारण उत्पन्न तनाव और दबाव को कम करने में यह कार्यशाला बेहद प्रभावी है ।

**एक नजर** — ग्रामीण अंचलों की बहनों में अत्यधिक उत्साह दिखाई दिया

# फुटतालाब मेघनगर इटावा स्वयंम्भु माता देवीगढ़

**मेघनगर.** मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्रीवनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर मेघनगर दशहरा मेदान मेघेश्वर महादेव मंदिर स्वयंभू माता मंदिर देवीगढ इटावा रामदेव मंदिर पर नवरात्रि महोत्सव के पहले दिन ही बड़ी संख्या में भक्त पहुँचे और माँ की आराधना में गरबे किये । प्रदेश के समाजसेवी सुरेश चंद्र पूरणमल जैन और परिवार द्वारा की गई माँ की महाआरती और श्री राम भक्त हनुमान जी की आरती के पश्चात प्रारंभ हुए गरबे देर रात तक चलते रहे । ग्रामीण अंचलों की बहनों में अत्यधिक उत्साह दिखाई दिया,गरबे कर माँ की आराधना की । उनके साथ इंदौर बड़ौदा और अहमदाबाद के गरबा समूहो ने भी उत्साह के साथ गरबा किया द्य कार्यक्रम में पहुंचे झाबुआ सर्वोदय



कला मंडल के सदस्यों ने सुरेश चंद्र ,पूरणमल जैन और राजेश रिंकू जैन का समाज में उत्कृष्ट योगदान और धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए सम्मान किया। जैन ने सम्मान पर सभी का आभार व्यक्त किया । गुजरात के शुभ मधुर और पारंपरिक गरबा पर गरबा खेलने मां के भक्त जहां माँ की भक्ति आकर्षक विद्युत सज्जा भक्ति के उजास को और गहरा करती हुई दिखाई दे रही थी । आयोजन समिति के युवा सदस्य और समाजसेवी राजेश रिंकू जैन और जैकी जैन ने बताया कि आयोजन स्थल पर विशेष रूप से महिला और पुरुषों के बैठने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। समाजसेवी जैन और मंदिर के महंत दिलीप दास जी महाराज श्री रामदास जी त्यागी टाट वाले बाबा और चिंतामणि जी महाराज ने आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण भाई बन्धुओ और नगरीय क्षेत्र के लोगों से आयोजन में आकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की वहीं मंगलवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भाबर भाजपा नेता मुकेश मेहता ने भक्त मण्डली के साथ भजन कर आरती की.